कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

क्रमांक – एफ 9( )परीक्षा/कोविको/2023/Spl.-01 दिनांक :–11.02.2023

<u>ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में त्रुटियों के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश</u>

कोटा विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा–2023 हेतु भरवाये जा रहे ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरते समय परीक्षार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों को सुधार के लिये निम्नानुसार विश्वविद्यालय के परीक्षा पोर्टल www.univexam.org/Uok/ पर Student Panel Main Exam-2023 लिंक पर क्लिक कर Correction Panel द्वारा चरणबद्ध तरीके से परीक्षार्थियों द्वारा संशोधन किया जा सकेगा:–

1. स्नातक एवं स्नातक व्यवसायिक पाठ्यक्रमों, स्नातकोत्तर एवं सेमेस्टर परीक्षा के प्रश्नपत्रों (Due paper) में संशोधन हेतु परीक्षार्थी अपनी पूर्व की समस्त मूल अंकतालिकाओं सहित विश्वविद्यालय में सम्पर्क करें।
2. परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र में फोटो एवं हस्ताक्षर के अपलोड में हुई त्रुटियों के लिये विश्वविद्यालय में सम्पर्क करें।
3. स्नातक भाग–प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी द्वारा यदि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के डाटा से परीक्षा आवेदन पत्र भरा गया है, तो ऐसे परीक्षार्थी स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम में संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी।
4. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र में संशोधन करवाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित संशोधन शुल्क/Difference Fees, Correction panel में परीक्षार्थियों को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पेमेन्ट गेटवे के द्वारा डेबिट कार्ड अथवा नेटबैंकिंग के माध्यम से जमा करवाना होगा।
5. परीक्षार्थी ऑनलाईन संशोधन करने से पूर्व दर्शाये गये दिशा–निर्देशों को भली–भांति पढ़कर समझ लेवें, **<u>परीक्षा आवेदन पत्र में परीक्षार्थी एक बार ही संशोधन कर सकता है,</u>** अतः पूर्ण रूप से आश्वस्त होने के उपरान्त ही संशोधन शुल्क जमा करावें, किसी भी कारण से गलत जमा करवाया गया संशोधन शुल्क लौटाया नहीं जावेगा।
6. भरे गये परीक्षा आवेदन में परीक्षार्थी स्वयं के नाम, पिता का नाम, माता का नाम में से केवल 02 प्रविष्ठियों में ही संशोधन कर सकेगें।
7. परीक्षार्थी द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में परीक्षार्थी की केटेगरी यथा–Regular/Ex-student/Non-Coll., Caste (जाति), Sex (लिंग), Medium (परीक्षा का माध्यम), College Name (महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र का नाम), Paper/Subject (प्रश्नपत्र का नाम) Date of Birth (जन्म तिथि), Enrollment Number (नामांकन संख्या) तथा Ordinance Yes/No में ही संशोधन किया जा सकेगा।
8. ऑनलाईन संशोधन के उपरान्त परीक्षार्थी द्वारा संशोधित परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी नियत तिथि तक सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करेगें।
9. परीक्षार्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्र में हिन्दी नाम में परिवर्तन नहीं हो सकेगा।

परीक्षा आवेदन पत्र में संशोधन की प्रक्रिया दो चरणों में होगी जो निम्नानुसार है:–

(i) परीक्षार्थी को संशोधन के लिये सर्वप्रथम Correction Panel में Fee Payment for Corrections के लिंक द्वारा परीक्षार्थी अपने पूर्व में भरे गये फार्म संख्या एवं आवेदन पत्र में भरी गयी जन्म दिनांक को प्रविष्ट करने पर परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम व माता का

नाम सहित परीक्षा आवेदन पत्र की केटेगरी यथा–Regular/Ex-student/Non-Coll., Gender एवं College का नाम प्रदर्शित होगा, यदि परिक्षार्थी द्वारा इनमें से किसी में संशोधन वांछित हो तो ही संशोधन करें, यदि इनमें से किसी में भी संशोधन वांछित नहीं हो तो अन्य संशोधन करने के लिये सीधे ही Proceed बटन पर क्लिक कर संशोधन शुल्क ऑनलाईन जमा करावें।

(ii) Correction Fee ऑनलाईन जमा कराने के उपरान्त Correction (After Correction Fee Payment) लिंक पर क्लिक करने पर परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र में भरे गये मोबाईल नं. पर ओ.टी.पी. वेरिफाई होने के उपरान्त ही परीक्षार्थी आवश्यक संशोधन कर सकेगें।

(iii) संशोधन करने के उपरान्त परीक्षार्थी संशोधित परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी प्रिन्ट कर, सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर जमा करावें।

नोटः–उक्त के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र में अन्य संशोधन हेतु कोटा विश्वविद्यालय में सम्पर्क करें।

परीक्षा नियंत्रक